हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 जून 2024

तापमान
अधिकतम 36.1 डिग्री
न्यूनतम 27.1 डिग्री

11 उपायुक्त ने बूस्टरों का किया निरीक्षण



12 ड्रेनों की सफाई में जुटी सिंचाई विभाग की टीम






# सीबीआई की रोहतक में दस्तक सेक्टर तीन में मकान खंगाला

## ■ शेयर मार्केट से जुड़े युवक से पूछताछ करने आई थी टीम

■ छापे के दौरान युवक घर में नहीं मिला सीबीआई ने परिजनों से की पूछताछ

■ सेक्टर तीन में परिवार के साथ किराए के मकान में रह रहा है युवक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सीबीआई ने बृहस्पतिवार को रोहतक में दस्तक दी। टीम सेक्टर-तीन स्थित एक मकान में छापेमारी करने पहुंची। मकान पर गुरुग्राम में नौकरी करने वाले किराएदार के परिवार से करीब दो घंटे सीबीआई अधिकारियों ने पूछताछ की। टीम जिस युवक की तलाश में आई थी वह मौके पर नहीं मिला।

### गुरुग्राम से जुड़ा मामला

टीम ने मकान में रहने वाले परिवार से काफी देर तक पूछताछ की। मामला गुरुग्राम में कंपनी से जुड़ा बताया जा रहा है। सीबीआई टीम को लेकर आसपास हड़कंप मच गया। हालांकि दिन भर रोहतक पुलिस सीबीआई टीम के आने की जानकारी होने से इनकार करती रही। जानकारी के अनुसार, सेक्टर-तीन निवासी व्यक्ति ने टीम को बताया कि वह जींद के किसी गांव के रहने वाले प्रतीक को करीब ढाई वर्ष पहले से जानता है। उसने किसी परिचित के कहने पर उसे मकान किराए पर दिया था। यहां प्रतीक की मां, भाई, पत्नी और दो बच्चे रहते हैं। अब वह गुरुग्राम में ही ज्यादा समय रहता है। सुबह करीब आठ बजे सीबीआई टीम उनके मकान पर पहुंची और प्रतीक के बारे में पूछताछ की।

### दो घंटे चली छानबीन

उन्होंने बताया कि प्रतीक यहां नहीं रहता। उसका परिवार यहां रहता है। इसके बाद टीम ने ऊपरी मंजिल पर उसके परिवार के लोगों से पूछताछ की। करीब दो घंटे तक सीबीआई के अधिकारी मकान में रहे। सीबीआई टीम जब पहुंची, वह किसी परिचित के निधन पर शोक प्रकट करने के लिए बाहर गया हुआ था। परिवार के सदस्यों ने मोबाइल पर सीबीआई के अधिकारियों से बात करवाई। जरूरी पूछताछ और कागजात की जांच पड़ताल के बाद टीम यहां से रवाना हो गई। सूत्रों का कहना है कि सीबीआई काफी समय से प्रतीक की तलाश में थी और वह मिल नहीं पा रहा। देर रात तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि सीबीआई किस मामले में प्रतीक से पूछताछ करने पहुंची थी। सूत्रों का कहना है कि प्रतीक शेयर बाजार के कारोबार से जुड़ा हुआ है। वह करीब ढाई साल पहले यहां रहने आया था। अब वह गुरुग्राम में किसी निजी कंपनी में नौकरी करता है। टीम उसकी तलाश कर रही है।

### लोकल पुलिस को जानकारी नहीं

वहीं अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी रत्नलाल का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। वह अवकाश पर चल रहे हैं।

# सीएम फ्लाइंग ने की 21 एंबुलेंस की जांच, चार में मिलीं खामियां

## ■ टीम के अधिकारियों ने रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ टीम ने हेल्प लाइन नंबर की भी जांच की

सीएम फ्लाइंग एवं गुप्तचर इकाई ने बृहस्पतिवार को सिविल सर्जन कार्यालय का औचक निरीक्षण कर एंबुलेंस की जांच पड़ताल की। इस दौरान हेल्प लाइन नंबर 102, 108 व 112 की जांच की गई जो सही पाई गई। सीएम फ्लाइंग ने कुल 21 एंबुलेंस की जांच की, जिनमें से चार एंबुलेंस में खामियां मिली है। इनमें दो किलकारी में कैमरे, बायोमैट्रिक डिवाइस नहीं मिली और दो एंबुलेंस के प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं मिले। सीएम फ्लाइंग की कार्रवाई से एम्बुलेंस स्टाफ में हड़कम्प जैसा माहौल रहा। टीम ने कार्यालय से फोन कॉल का डाटा भी लिया। जिसकी रिपोर्ट सरकार को भेजी गई है। टीम को अब तक की जांच में पता चला कि एक जनवरी से अब तक गर्भवती महिलाओं के लिए कुल 3941 कॉल प्राप्त हुई, जो सभी को अटैंड किया गया। काल आने पर 15:35 मिनट पर पहुंचने का एवरेज समय निकला। रेफर केस में 1209 काल प्राप्त हुई।

सड़क हादसे में कुल 679 काल प्राप्त हुई, बैक होम की 252 काल प्राप्त हुई। बीमार बच्चे केस की 1209 काल प्राप्त हुई। बीमार नवजात केस की 56 काल प्राप्त हुई और सभी अटैंड की गई। दूसरे केसों की 993 काल प्राप्त हुई और सभी अटैंड की गई। इस तरह सभी को मिलाकर। कुल 7164 काल प्राप्त हुई। जिसका डाटा सही मिला। रजिस्टर में दर्ज टेलिफोन पर बात करने पर सभी मरीजों ने संतुष्टि जाहिर की और बताया एंबुलेंस समय पर आई थी।



रोहतक। अस्पताल में रिकॉर्ड चेक करते उड़नदस्ते के अधिकारी।

### इतनी एंबुलेंस

रिकार्ड के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग के पास एडवांस लाइफ स्पोर्ट एंबुलेंस दो, बेसिक लाइफ स्पोर्ट एंबुलेंस कुल नौ, रोगी परिवहन एंबुलेंस आठ, किलकारी व बैक टू होम एंबुलेंस दो मिलाकर कुल 21 हैं। इनमें नेशनल सर्विस 16 एंबुलेंस चालू हालात में मिली और दो एंबुलेंस सड़क दुर्घटना रहित मिली, तीन एंबुलेंस कंडम मिली।

### रात व दिन की शिफ्ट में कुल 76 कर्मचारी

एंबुलेंस पर चालक व इएमटी ड्यूटी दिन और रात की शिफ्ट में लगाई जाती है। आपरेटर की ड्यूटी सुबह-शाम नाइट आफ की लगाई जाती है। जिसमें कुल 76 कर्मचारी, अधिकारी नियुक्त मिले। इसमें फ्लैट मैनेजर एक, कंट्रोल आपरेटर चार, इएमटी 20, ड्राइवर 51 हैं। कुल 15 चालकों, 13 इएमटी की और दो गाड़ियों की आवश्यकता मिली। जिनकी मुख्यालय पर डिमांड भेजी हुई है।






विशेष : अंतरराष्ट्रीय क्षुद्र-ग्रह दिवस, 30 जून

बच्चों, तुमने एस्टेरॉयड्स यानी क्षुद्र-ग्रहों के बारे में सुना या पढ़ा होगा। ये ऐसे अनोखे खगोलीय पिंड होते हैं, जो हमेशा से खगोलविदों और खगोल-विज्ञान में रुचि रखने वालों के मन में जिज्ञासा और कौतूहल जगाते रहे हैं। जानो, इन रहस्यमयी क्षुद्र-ग्रहों के बारे में कुछ खास बातें।

# ग्रह-उपग्रह से अलग क्षुद्र-ग्रह

नॉलेज / शिखर चंद जैन

बच्चों, क्षुद्र-ग्रह के नाम में भले ही ग्रह शब्द जुड़ा है, लेकिन वास्तव में ये ग्रह नहीं होते हैं, क्योंकि ग्रहों के लिए तय पैमाने पर ये खरे नहीं उतरते हैं। ये उपग्रह भी नहीं हैं, क्योंकि ये किसी ग्रह के चारों ओर चक्कर नहीं लगाते हैं। असल में क्षुद्र-ग्रह अंतरिक्ष की चट्टानों, धूल और मलबे के छोटे-बड़े टुकड़े होते हैं, जो अरबों वर्षों से इसी स्थिति में अंतरिक्ष में विचरण कर रहे हैं। बच्चों, अगर तुम सोचते हो कि सारे ग्रहों की तरह क्षुद्र-ग्रह भी गोलाकार, अंडाकार होते हैं, दिखने में बेहद खूबसूरत या चमकीले होते हैं या यह बहुत सिस्टमेटिक तरीके से सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करते हैं, तो हम तुम्हें जानकारी दे दें कि ज्यादातर क्षुद्र-ग्रहों का कोई निश्चित आकार नहीं होता। आमतौर पर ये किसी मिट्टी के धेले या आलू की तरह दिखते हैं। सूर्य की परिक्रमा करते हुए यह लुढ़कते और घूमते हैं, इनका व्यास कुछ फीट से लेकर कई सौ मीलों तक का हो सकता है। क्षुद्र-ग्रह वास्तव में ग्रह हैं ही नहीं, इसकी जानकारी वैज्ञानिकों को बहुत बाद में पता चली।



सबसे बड़ा क्षुद्र-ग्रह 'सेरेस'

## सबसे पहला खोजा गया क्षुद्र-ग्रह

बच्चों, पहला क्षुद्र-ग्रह इटली के खगोल शास्त्री ग्युसेप पियाजी ने 1 जनवरी 1801 में खोजा था। इसका नाम उन्होंने रोम की कृषि देवी के नाम पर 'सेरेस' रखा। 19वीं सदी के मध्य तक इसे ग्रह ही माना जाता रहा, लेकिन बाद में इसकी वास्तविकता सामने आई, क्योंकि बड़ी दूरबीनों से भी ये पिंड तारों जैसे ही नजर आते थे। खगोल वैज्ञानिक विलियम हर्शेल ने इन्हें 'क्षुद्र-ग्रह' यानी 'एस्टेरॉयड' नाम दिया, जिसका अर्थ होता है- तारे के आकार का। इसे 'प्लेनेटॉयड' भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है- ग्रह जैसा। 2006 में अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने सेरेस को 'बौना ग्रह' यानी 'ड्वार्फ प्लेनेट' समूह में रखने का प्रस्ताव दिया था।

## सबसे बड़े आकार वाले क्षुद्र-ग्रह

कुछ क्षुद्र-ग्रह आकार में इतने बड़े हैं कि उन्हें छोटा ग्रह मान लिया गया है। चार सबसे बड़े क्षुद्र-ग्रह हैं- सेरेस, वेस्टा, पलास और हाइजिया। इनके बारे में क्रमवार जानो-

**सेरेस:** यह अब तक खोजा गया सबसे बड़ा क्षुद्र-ग्रह है। इसे बौना ग्रह की श्रेणी में रखा गया है। इसका व्यास 597 मील है। इसमें क्षुद्र-ग्रह बेल्ट के कुल द्रव्यमान का एक तिहाई हिस्सा समाहित है।

**वेस्टा:** वेस्टा का व्यास 329 मील है। इसे एक छोटा ग्रह माना जाता है। वेस्टा आकार में छोटा है, लेकिन पलास से भारी है। पृथ्वी से यह सबसे चमकीला क्षुद्र-ग्रह नजर आता है। इसका नाम रोमन देवी 'वेस्टा' के नाम पर रखा गया है।

**पलास:** ग्रीक देवी 'पल्लास एथेना' के नाम पर इस क्षुद्र-ग्रह का नामकरण किया गया है। सेरेस के बाद इसकी ही खोज की गई थी। यह हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा खगोलीय पिंड है, जो आकार में गोल नहीं है।

**हाइजिया:** हाइजिया कार्बन सरफेस वाले क्षुद्र-ग्रहों में सबसे बड़ा है। इसका नाम ग्रीक स्वास्थ्य देवी के नाम पर रखा गया है। यह 220 मील चौड़ा और 310 मील लंबा है। इसकी आकृति लगभग गोल है।




## क्षुद्र-ग्रह के प्रकार

रासायनिक संरचना के अनुसार क्षुद्र-ग्रहों को विभिन्न वर्गों में बांटा गया है। मुख्य रूप से ये तीन तरह के होते हैं- 1.कार्बन सतह वाले 2.सिलिकॉन सतह वाले और 3.धातु सतह वाले। ज्यादातर क्षुद्र-ग्रह कार्बन सतह वाले होते हैं। कुल क्षुद्र-ग्रहों में इनकी संख्या लगभग 75 फीसदी है, जबकि 17 फीसदी क्षुद्र-ग्रह सिलिकॉन सतह वाले होते हैं। बाकी 8 फीसदी में धातु सतह वाले या अन्य क्षुद्र-ग्रह शामिल हैं। *

## क्षुद्र-ग्रहों का प्रमुख समूह ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह

क्षुद्र-ग्रह बेल्ट के बाहर क्षुद्र-ग्रहों के अन्य समूह भी हैं। इनमें एक प्रमुख समूह 'ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह' है। ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह किसी ग्रह या चंद्रमा के साथ एक कक्षा साझा करते हैं। अधिकांश ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह बृहस्पति के साथ सूर्य की परिक्रमा करते हैं। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि क्षुद्र-ग्रह बेल्ट में जितने क्षुद्र-ग्रह होते हैं, उतने ही ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह भी हो सकते हैं।



प्रिपरेशन / अंजू जैन

# खुल रहे हैं स्कूल रहना है रेडी-कूल



बच्चों, समर वेकेशंस के बाद स्कूल खुल रहे हैं। स्कूल जाने के लिए खुद को खूब अच्छे से कैसे प्रिपेयर करो, इस सेशन में तुम्हारी स्टडी कैसे बेहतर ढंग से हो कि तुम्हारा रिजल्ट बेस्ट रहे, जानो।

बच्चों, गर्मियों की लंबी छुट्टियां बीत गई हैं। स्कूल खुलने वाले हैं। कुछ बच्चे तो स्कूल जाने के लिए उत्साहित होंगे, लेकिन कुछ बच्चे यह सोचकर उदास होंगे कि अब उनकी मस्ती खत्म। लेकिन बच्चों स्कूल जाना जरूरी है, पढ़ाई से ही तुम्हारा करियर बनता है, उज्ज्वल भविष्य बनता है। तुम स्कूल हमेशा उत्साह-उमंग के साथ जाओ। इससे तुम्हें स्कूल जाने और पढ़ने में तो मजा आएगा ही, साथ ही तुम स्टडी में पहले से कहीं अच्छी तरह परफार्म करोगे।

**कैलेंडर देखकर प्लान करो:** बच्चों, तुमने सुना होगा कि 'टाइम इज मनी।' इसलिए समय को कभी बर्बाद मत होने दो। इसे अपनी पढ़ाई, मनोरंजन, खेलकूद और आराम के लिए इस्तेमाल करो। इसके लिए एक-एक दिन की प्लानिंग करना जरूरी है। हमेशा अपने सामने एक कैलेंडर रखो और आने वाले वीक में क्या-क्या नया करना है, कब और कैसे करना है, पढ़ने और खेलने का क्या समय होगा, इसकी पूरी प्लानिंग करो और इसे सही ढंग से अमल में भी लाओ।

**ना छूटे रीडिंग की आदत:** समर वेकेशन में जब तुम्हें मौका मिला तो तुमने तरह-तरह की बुक्स की रीडिंग की होगी। यह आदत बनाए रखो। रोजाना कोई अच्छी किताब, बाल पत्रिका या अखबार पढ़ो। इससे तुम्हें देश-दुनिया के नए समाचार मिलेंगे, नई तकनीक और आविष्कारों का भी पता चलेगा, सामान्य ज्ञान बढ़ेगा, साथ ही पढ़ने में तुम्हारा इंटरेस्ट भी बना रहेगा।



**हेल्दी डाइट लो:** बच्चों, पढ़ाई में तुम्हारा दिमाग अच्छे से काम करे, तेज रहे, इसके लिए तुम्हारी बॉडी का फिट एंड एनर्जेटिक रहना बहुत जरूरी है, इसलिए हमेशा हेल्दी डाइट लो। तुम्हें विटामिन-मिनरल युक्त, सुपाच्य और ताजा भोजन करना होगा। घर का ही बना ताजा भोजन, दालें, फल, सब्जियां और दूध-दही का नियमित सेवन करो। इससे तुम हमेशा स्वस्थ रहोगे और पढ़ने में भी मन लगेगा। *



### खुलेंगे स्कूल तो आएगा मजा

**स्कूल खुलने** पर उदास होने के बजाय खुश होना चाहिए। क्योंकि लंबे समय बाद तुम्हें अपने क्लासमेट्स मिलेंगे, जिनके साथ तुम खूब मौज-मस्ती, खेलकूद और हंसी-मजाक करते थे। साथ ही वे टीचर्स भी मिलेंगे, जो तुम्हारी प्रॉब्लम्स को चुटकियों में सॉल्व कर देते हैं। बच्चों, याद रखो पढ़ाई-लिखाई एक बोझ नहीं, बल्कि तुम्हारे जीवन को सहज-सुगम, सफल और समृद्ध बनाने का माध्यम है। इसलिए अनमने ढंग से स्कूल जाने के बजाय हैप्पी, कूल और पॉजिटिव एटिट्यूड के साथ स्कूल जाने की तैयारी शुरू कर दो। हमारी गुड विशेज ...

## जीके क्विज-110

1. अठारहवीं लोकसभा के नए अध्यक्ष कौन बने हैं?
2. लगातार तीसरी बार किसे भारत का राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है?
3. पिछले दिनों किस देश ने अपनी पहली अंतरिक्ष एजेंसी KASA प्रारंभ की?
4. हाल ही में हैदराबाद किस राज्य की पूर्ण राजधानी बना है?
5. सापेक्षता का सिद्धांत (थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी) की खोज किसने की थी?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
7. 'लावणी' किस राज्य का पारंपरिक नृत्य है?
8. भारत में केसर का उत्पादन सबसे ज्यादा किस राज्य में होता है?
9. पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-110 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-109 का उत्तर :** 1.उपेंद्र द्विवेदी, 2.पेमा खांडू, 3.महर्षि पतंजलि, 4.21 जून 2015, 5.जिमनास्टिक्स, 6.व्हांगहो, 7.किडनी, 8.फुटबॉल 9.स्कॉटलैंड 10.मैलिक अम्ल

**जीके क्विज-109 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, नितिन-दुर्ग, कबीर-हिसार, आरती-ईमेल से, अत्रेयन-ईमेल से, अजय-धमतरी, लीना-ईमेल से, अंजलि-ईमेल से, शुभम-बिलासपुर, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, क्षमानिधि-बेमेतरा, दिव्यम-रोहतक, केशव-भोपाल, आर्यन-रोहतक

## हंसगुल्ले

**टीचर :** मैंने ब्लैक बोर्ड पर क्या लिखा है, पढ़कर बताओ।
**रोहन :** तरबूजा।
**टीचर :** ठीक से देखो, तजुरबा लिखा है।
**रोहन :** सर, गर्मी इतनी ज्यादा पड़ रही है कि तजुरबा भी तरबूजा दिखाई दे रहा है।
-आकाश, रोहतक

**चिंटू :** मम्मी, एडमिशन फॉर्म में आइडेंटिफिकेशन मार्क के कॉलम में क्या लिखूं?
**मम्मी :** 'हाथ में मोबाइल' लिख दो।
-अमन, रायपुर




**पप्पू :** पढ़ाई कैसी चल रही है?
**गप्पू :** समंदर जितना सिलेबस है, नदी जितना पढ़ पाता हूं, बाल्टी भर याद होता है, गिलास भर लिख पाता हूं, चुल्लू भर नंबर आते हैं... उसी चुल्लू में डूबने का मन करता है।
-हितेन, भोपाल

कहानी
पवन कुमार वर्मा

मुर्गों को लगा कि अब वो जमाना गया, जब लोग उनकी बांग से सुबह जागते थे। मुर्गों ने एक आपात बैठक बुलाई कि क्या उन्हें अब सुबह-सुबह बांग देना चाहिए? युवा मुर्गों का मत था, बदले दौर को देखते हुए हमें बांग देना बंद कर देना चाहिए, लेकिन बूढ़े मुर्गे इस बात से सहमत नहीं थे, उन्होंने जो तर्क रखे, युवा मुर्गे आगे कुछ ना बोल सके। आखिर मुर्गों की इस बैठक में तय क्या हुआ?

# मुर्गों की आपात बैठक



आज मुर्गों ने आपात बैठक बुलाई थी, जिसे लेकर पूरे मुर्गा समाज में गहमा-गहमी थी। दूर-दूर से मुर्गे इस आपात बैठक में भाग लेने आए थे। दरअसल, कुछ वर्षों से मुर्गे बहुत परेशान थे। लोगों को सुबह जल्दी जगाने के लिए उन्हें बांग देने की आदत है- कुकड़ू-कू... कुकड़ू-कू। लेकिन अब उनकी बांग का कोई असर ही नहीं होता। लोग जल्दी सोना और जल्दी जागना भूल गए हैं। मुर्गे की बांग से जागना लोगों के लिए अब बीते जमाने की बात हो गई है। ऐसे में मुर्गों को क्या करना चाहिए? यह बैठक इसी पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में आए मुर्गे अपनी-अपनी जगह बैठ गए। कुछ मुर्गे तो केवल बढ़िया खाने की लालच में आए थे। वे इस प्रतीक्षा में थे कि बैठक जल्द समाप्त हो और वे खाने पर टूट पड़ें।

'भाइयों! अब आप बारी-बारी से अपनी बात रखना प्रारंभ करें।' इस घोषणा के साथ बैठक शुरू हो गई। सबसे पहले एक उत्साही नौजवान मुर्गे ने बड़े जोर-शोर से अपनी बात रखी, 'मुझे तो लगता है कि सुबह-सुबह हमारे बांग देने का कोई अर्थ नहीं रह गया है। रात-दिन का अंतर अब समाप्त हो चुका है। दुनिया बदल गई है। लोग चौबीस घंटे काम कर रहे हैं। जब सोकर उठने का समय होता है, तब लोग सोने जाते हैं। फिर क्यों हम उन्हें अनावश्यक परेशान करें?' 'मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। अब हमें भी बदलते वक्त और लोगों की सुविधानुसार खुद को बदलना चाहिए। इसी में समझदारी है भाई।' एक और नौजवान मुर्गे ने सभी को आगाह किया। तभी एक अधेड़ उम्र मुर्गे ने ऐसी बात कह दी कि पंडाल ठहाकों से गूंज उठा, 'भाई! कौन-सी बांग की बात कर रहे हैं आप? मैं जहां रहता हूं, वहां एक छात्रावास है, जिसमें पढ़ने वाले बच्चे रहते हैं। मैं सुबह बांग देने के लिए आंखें मलता जब बाहर आता हूं, तो हैरान रह जाता हूं। छात्रावास के बच्चे पहले से ही मैदान में कसरत और योग करते दिखाई देते हैं। हमसे पहले तो छात्रावास में लगी घंटी उन्हें जगा देती है। ऐसे में उन्हें हमारी बांग की क्या जरूरत?'


'लेकिन इसके बाद भी तो जल्दी उठने वालों की संख्या दिनों-दिन घट रही है। आखिर लोग सुबह जल्दी उठने का लाभ क्यों नहीं लेना चाहते? शायद इसी कारण लोगों का स्वास्थ्य समय से पहले गड़बड़ हो रहा है।' मंच पर बैठे एक मुर्गे ने उस अधेड़ उम्र मुर्गे की बात पर टिप्पणी की। 'भाई देखिए, चाहे कोई कुछ भी कहे, यह मामला बहुत गंभीर है। प्रकृति ने जो कार्य हमें सौंपा है, उसमें बाधा उत्पन्न हो रही है। अब हमें भी अपने लिए कोई और काम सोचना चाहिए। हम दिनों दिन अपनी पहचान खोते जा रहे हैं।' एक शांत स्वभाव वाले बूढ़े मुर्गे ने बड़ी विनम्रता से अपनी बात रखी। कुछ मुर्गों ने उसकी बात का भी समर्थन किया।

'अब आप लोग ही कोई सुझाव दीजिए। क्या हमें बांग देने का काम छोड़ देना चाहिए?' मंच पर बैठे एक मुर्गे ने पूछा।

'कतई नहीं। कम से कम मैं तो बांग देना नहीं छोड़ूंगा। यह कार्य हमारे पूर्वज करते आ रहे हैं। आज भी गांव-देहात में लोग हमारी बांग पर ही उठते हैं।' एक बूढ़ा मुर्गा कांपती आवाज में बोला। सभी की निगाहें उसकी ओर चली गईं। तभी एक और बूढ़ा मुर्गा लड़खड़ाती आवाज में बोला,'लोगों की सुविधा के लिए हमें अपने-आप को कतई नहीं बदलना चाहिए। वह भी तब, जब लोग जानबूझ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। मेरा तो मानना है कि इस समय हमारी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। हमें इसे और भी जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए।'

'मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं। मुझे विश्वास है कि देर-सवेर लोग इस बात को जरूर समझेंगे। वे सुबह जल्दी उठेंगे। हमें हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। अपना कार्य जोर-शोर से करते रहना चाहिए।' एक और बूढ़े मुर्गे ने कड़कती आवाज में अपनी बात रखी। उसकी बात समाप्त होते ही चारों ओर सन्नाटा छा गया। सभी एक-दूसरे की ओर देखने लगे। युवा मुर्गे भी खामोश रहे। उन बूढ़े मुर्गों की बात सुनकर सभी का टूटा विश्वास फिर से लौट आया था। धीरे-धीरे सभी बूढ़े मुर्गों की बातों पर सहमत हो गए। अंत में यह तय किया गया कि वे सुबह बांग देना बिल्कुल नहीं छोड़ेंगे। कभी न कभी तो वह दिन आएगा, जब लोग जल्दी सोने और जल्दी उठने के फायदे समझेंगे और इस आदत को अपनाएंगे। *

कविता
शिवचरण चौहान





## टिटहरी का गीत

टिट टिटहरी टिट टिटहरी
टी टी टी टी बोले।
उड़े गगन में ऊंचे चिड़िया
पंख हवा में तोले।।
नहीं टिटहरी बैठा करती
कभी किसी भी पेड़ में।
बैठा करती टीले ऊपर
कभी खेत की मेड़ में।
नन्हे-नन्हे बच्चे इसके
लगते कितने भोले।।
पंख हवा में तोले।।
लाल चोंच है,पीठ सिलेटी
और पैर हैं पीले।
ताल किनारे रहती
फिर भी पैर न करती गीले।
अरी टिटहरी घर आ मेरे
बिस्तर में आ सो ले।।
पंख हवा में तोले।।

## रंग भरो-153

**रंग भरो-153** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





निशिता, दिल्ली



दिव्यांश, दुर्ग



दिव्या, बिलासपुर



डॉली, मटियारी



दीक्षा, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आतिया-बहादुरगढ़, प्रगति-बिलासपुर, सौम्य-बालोद, युक्ति-धमतरी, दिशांत-महेंद्रगढ़, शुभम-बिलासपुर, लोकेश-रोहतक, कमल-महासमुंद, प्रिया-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, रौनक-धमतरी, कृश-बालोद



अंकित, धमतरी


## रंग भरो 154

बच्चों, इस चित्र में चिंटू अपने डॉगी को प्यार से खाना दे रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## एक समान चित्र खोजो

बच्चों, यहां मंकी के कई सारे चित्र दिए गए हैं। इनमें से दो चित्र बिल्कुल एक जैसे हैं। तुमको एक जैसे दिखने वाले दोनों चित्रों को खोजना है। जल्दी से खोजो जरा




उत्तर: d और e

## खबर संक्षेप

### मदवि के हॉस्टल के गेट नंबर दो से बाइक चोरी

**रोहतक।** मदवि के हॉस्टल के गेट नंबर दो से बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पीजीआई थाना पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। रोहित ने पुलिस को दी शिकातय में बताया कि वह गांव बुपनिया जिला झज्जर का रहने वाला हूं। मैं 26 जून को अपने हॉस्टल मदवि में गया और चैक किया तो वहां पर मेरी बाइक नहीं मिली। इसे बाद आस-पास में सभी जगह पर चैक किया, लेकिन बाइक फिर भी नहीं मिली। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाइक चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने पीजीआईएमएस पार्किंग से मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। पीजीआईएमएस थाना प्रभारी जसवंत ने बताया कि तेज कॉलोनी निवासी विनोद ने शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में सामने आया कि 17 मई को विनोद अपनी मोटरसाइकिल को पीजीआई के बाहर खडी की थी। वापिस आने पर विनोद को अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली।

### आंगवाड़ी वर्कर्स ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**रोहतक।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन (संबंधित एआईयूटीयूसी) ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भेजा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की प्रधान कृष्णा मढाना और महा सचिव पुष्पा दलाल ने बताया कि आंदोलन के दौरान 975 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को नौकरी से निकाल दिया गया था। बाद में उन्हें ड्यूटी पर ले लिया गया था। लेकिन आंदोलन के दौरान काटा गया उनका मानदेय आज तक नहीं मिला है। बाकी आंदोलनकारी कार्यकर्ता सहायिकाओं का पूरा भुगतान हो चुका है।

### नाबालिग युवक पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने शोभा यात्रा में नाबालिग युवक पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में गिरफ्तार को किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। जांच में सामने आय़ा कि नाबालिग युवक 22 जून को अपने दोस्तों के साथ पाडा मौहल्ला नजदीक वाल्मिकी मंदिर के पास शोभा यात्रा में गया हुआ था। नाबालिग के दोस्तों ने बताया कि झगडा हो गया है।

## निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# डीसी ने अधिकारियों के साथ बाढ़ बचाव प्रबंधों का किया निरीक्षण

### महम ड्रेन की बुर्जी 50 के समीप ड्रेन नंबर 8 के तटबंधों को किया जा रहा है मजबूत: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

उपायुक्त अजय कुमार ने सिंचाई व राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ जिला की मुख्य ड्रेनों, पंप घरों तथा ड्रेनों के आउट फॉल बिन्दुओं, बाढ़ बचाव कार्यों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग की कार्यशाला का भी निरीक्षण किया तथा कार्यशाला में रखे गए डीजल व इलेक्ट्रिक पंप सेट का भी जायजा लिया। एक दिन पहले ही मुख्य सचिव ने बाढ़ बचाव प्रबंधों को लेकर डीसी के साथ मीटिंग की थी।





रोहतक। जनस्वास्थ्य विभाग व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ रोहतक शहर के बूस्टरों व पंप घरों ,कार्यशाला में रखें गए डीजल व इलेक्ट्रिक पंप सेटों का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त अजय कुमार। फोटो: हरिभूमि

### सिंचाई विभाग की कार्यशाला में पहुंचे

उपायुक्त अजय कुमार ने स्थानीय दिल्ली बाइपास स्थित सिंचाई विभाग की कार्यशाला में रखें गए डीजल व इलेक्ट्रिक पंप सेटों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों से पंप सेटों की क्षमता इत्यादि की जानकारी ली। कार्यशाला में डीजल पंपों एवं इलेक्ट्रिक पंपों की मरम्मत का भी कार्य किया जाता है। कार्यशाला में विभाग के पास 89 डीजल पंप सेट तथा 286 इलैक्ट्रिक पंप सेट उपलब्ध है। इस स्थल पर पुराने स्टोर के स्थान पर विभाग द्वारा नई कार्यशाला का निर्माण भी करवाया जा रहा है।

### बूस्टरों का लिया जायजा


उपायुक्त अजय कुमार के निर्देशानुसार उपमंडलाधीश आशीष कुमार ने जनस्वास्थ्य विभाग व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ रोहतक शहर के बूस्टरों व पंप घरों का निरीक्षण किया। विभाग के अधीक्षक अभियंता दिनेश राठी ने उपायुक्त को संयुक्त निरीक्षण दौरा कार्यक्रम के दौरान बाढ़ बचाव प्रबंधों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विभाग द्वारा बनाई जा रही नई कार्यशाला के बारे में भी जानकारी दी।

### जसिया लिंक ड्रेन पर जारी कार्य का निरीक्षण

उपायुक्त अजय कुमार ने बाढ़ बचाव प्रबंधों की समीक्षा करते हुए सर्वप्रथम पीर बोधी के निकट जसिया लिंक ड्रेन पर जारी कार्य का निरीक्षण किया। मकड़ौली ड्रेन भी इस बिन्दु पर इस ड्रेन में मिलती है। जसिया लिंक ड्रेन व मकड़ौली ड्रेन के पानी को ड्रेन नंबर 8 में बुर्जी संख्या 99000 से डाला जाता है। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी आवश्यक बिन्दुओं पर शीघ्र बिजली कनेक्शन शुरू किए जाए। इसके बाद अजय कुमार ने बहु अकबरपुर से गुजरने वाली लाखनमाजरा ड्रेन की बुर्जी संख्या 29000 पर पहुंचकर ट्रेन की साफ-सफाई व अन्य बाढ़ बचाव प्रबंधों की समीक्षा की।

### काहनौर के पास निरीक्षण किया

अजय कुमार ने अधिकारियों के साथ काहनौर के समीप महम ड्रेन की बुर्जी संख्या 26500, 10000 का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने तिमारपुर गांव के नजदीक महम ड्रेन की आरडी 50 पर स्थित पंप हाउस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस पंप हाउस पर बिजली कनेक्शन के लिए तुरंत कार्यवाही की जाये। इस पंप हाउस से महम ड्रेन के पानी को लिफ्ट करके ड्रेन संख्या 8 में डाला जाता है। इस स्थान पर ट्रेन संख्या 8 के 2100 फीट लंबाई के तटबंधों को कंक्रीट से मजबूत करने का कार्य जारी है। तटबंधों पर इन्टरलॉकिंग टाइले लगाई जा रही है, जिन पर लगभग 2 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। इस अवसर पर रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता दिनेश राठी, जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता आरके शर्मा, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता जेएस नारा, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता राजेश भारद्वाज व अरूण मुंजाल, हाइड्रोलॉजिस्ट दलबीर राणा, एसडीओ सुजीत, सतीश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



रोहतक। आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में उपस्थित पीजीआईडीएस के प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी, प्रिंसिपल, आईएमएच के निदेशक कम सीईओ डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. मंजूनाथ बीसी व विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

# नशा तस्करी को लेकर किया गया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नशीले पदार्थो के अवैध व्यापार के वैश्विक मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 26 जून को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर में व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों की याद दिलाता है। यह कहना है पीजीआईडीएस पब्लिक हेल्थ हिस्ट्री विभाग अध्यक्ष डॉक्टर मंजूनाथ का।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष 2024 का विषय है साक्ष्य स्पष्ट है: रोकथाम में निवेश करें, रोकथाम, उपचार और पुनर्वास। डॉ मंजूनाथ ने बताया कि हाल की रिपोर्टों के अनुसार, नशीली दवाओं का दुरुपयोग वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना जारी रखता है। अवैध नशीली पदार्थ का व्यापार न केवल संगठित अपराध को बढ़ावा देता है बल्कि विकास प्रयासों को भी कमजोर करता है। इसके अलावा, डॉ. सिद्धार्थ आर्य, एसोसिएट प्रोफेसर, स्टेट ड्रग डिडिक्शन सेंटर द्वारा "युवाओं में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम और प्रबंधन" विषय पर एक अतिथि व्याख्यान दिया गया, जिसमें नशीली दवाओं के दुरुपयोग के कारण नशीली दवाओं के विकारों से प्रभावित लोगों की संख्या, युवाओं में पदार्थों और नशीली दवाओं के दुरुपयोग की संभावनाएं और कमजोरियां और उन्हें जाल में फंसने से बचाने के लिए रोकथाम रणनीति और इसके प्रबंधन को दर्शाया गया।

### नशा न करने की ली शपथ

इस अवसर पर पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज, रोहतक ने शपथ लेकर नशा मुक्त समुदायों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

पीजीआईडीएस के प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी, प्रिंसिपल, आईएमएच के निदेशक कम सीईओ डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. मंजूनाथ बीसी, वरिष्ठ प्रोफेसर और प्रमुख, पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त दुनिया की दिशा में काम करने के लिए, जहां व्यक्ति और समुदाय स्वास्थ्य और कल्याण में पनप सकें पर व्याख्यान दिया।



### पूर्व आईएएस अधिकारी की माता को दी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थाओं के स्टाफ सदस्यों ने गौड़ ब्राह्मण डिग्री में पूर्व आईएएस अधिकारी शिवरमन गौड़ की माता निवेदिता के निधन पर श्रद्धांजली अर्पित की। गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थाओं के पदेन सचिव डॉ. जयपाल शर्मा ने बताया कि निवेदिता गौड़ ने गुरुग्राम में 92 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उन्होंने हिंदी साहित्य में अपना अहम योगदान दिया। उन्होंने बताया कि उनके पति स्वर्गीय जितेंद्र कुमार गौड़ भी सामाजिक सरोकार में अपनी रुचि रखते थे। पूर्व आईएएस अधिकारी शिवरमन गौड़ के दादा पंडित गोपालकृष्ण 1919 से 1925 तक गौड़ स्कूल के फाउंडर हेडमास्टर रहे। उन्होंने स्कूल को आगे बढ़ाने में अपनी विशेष भागेदारी दी। शिवरमन गौड़ वर्तमान में डीएवी उच्चतर शिक्षण संस्थानों के निदेशक हैं। डॉ. जयपाल शर्मा ने बताया कि स्वर्गीय निवेदिता गौड़ सरल स्वभाव, मिलनसार और मृदुल भाषी रही। उन्होंने हमेशा शिक्षा के महत्व को समझा और साहित्य में अपना अहम योगदान देते हुए अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित किया। गौड़ ब्राह्मण आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वारिज पांडेय ने भी शोक व्यक्त किया।

### घुटना रिप्लेसमेंट शिविर 29 को

**रोहतक।** शहर के मॉडल टाउन स्थित एमआर मैमोरियल नवजीवन अस्पताल में 29 जून को घुटना रिप्लेसमेंट जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में हड्डियों और कैल्शियम की जांच निःशुल्क की जाएगी। अस्पताल के प्रवक्ता ने बताया कि ओपीडी में आने वाले ज्यादातर बुजुर्ग घुटनों में दर्द की शिकायत करते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल की ओर से घुटना रिप्लेसमेंट जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा लोग इस शिविर का लाभ उठा सकते है और अनुभवी हड्डी रोग विशेषज्ञ से आवश्यक परामर्श पा सकते हैं। शिविर में आने वाले लोगों की जांच हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. कुनाल आरोड़ा द्वारा की जाएगी।

# समाधान शिविर में आई 131 शिकायतें

- प्रति कार्य दिवस जिला व उपमंडल मुख्यालय पर आयोजित हो रहे हैं समाधान शिविर
- डीसी ने अधिकारियों को मौके पर शिकायतों का निवारण करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

उपायुक्त अजय कुमार ने पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, उपमंडलाधीश आशीष कुमार के साथ लघु सचिवालय स्थित सभागार में बृहस्पतिवार को आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनी। शिविर में 131 शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर निपटारे के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों सहित सौंपा गया।



रोहतक। आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए उपायुक्त अजय कुमार। फोटो: हरिभूमि

अजय कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा प्रति कार्य दिवस जिला व उपमंडल मुख्यालय के लघु सचिवालय में सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर आयोजित कर लोगों की शिकायतें सुनी जा रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों को हिदायतें जारी की गई है कि वे इन शिविरों में प्राप्त शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह स्वयं समाधान शिविरों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी लोगों की शिकायतें सुनने के साथ ही उन्हें समाधान के बारे में भी बताए। समाधान शिविर में मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने विभाग से संबंधित शिकायत के निपटारे के लिए मौके पर ही प्रक्रिया शुरू की।

इस अवसर पर नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकडा, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाई त्रिवेणी

**रोहतक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण दिवस पर शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान की प्रेरणा से पूर्व निगम पार्षद अशोक खुराना के नेतृत्व में मन की बात के जिला संयोजक अजय निझावन की माता सुदेश कुमारी के जन्म दिवस पर त्रिवेणी लगाई गई। इस अवसर पर अशोक खुराना ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण मानवीय जीवन के लिए बेहद जरूरी है। इस मास सूर्य की तपस से आमजन त्रस्त रहा है। अगर हम अब भी प्रकृति संरक्षण के लिए सचेत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को भयंकर त्रासदी का सामना करना पड़ेगा। पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है।

### रिठाल फौगाट में युवक पर किया हमला

**रोहतक।** गांव रिठाल फौगाट में पांच युवकों ने एक व्यक्ति पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। इसकी शिकायत गांव घिलौड़ कलां पुलिस चौकी को दी। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव रिठाल फौगाट का रहने वाला हूं। 26 जून को मैं अपने खेत में पानी देने के लिए गया हुआ था। इस दौरान दो बाइक पर डिला, अजय, सुरेश व कार्तिक सहित पांच युवक आए और गाली गलौच करने लगे तथा पास में ही पडे शीशम की लकड़ी से हमला कर दिया।

# महम का होगा तेजी से विकास

- भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा ने जारी की 100 करोड़ से ज्यादा राशि के विकास कार्यों की सूची

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम





भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा ने वीरवार को महम हलके में होने वाले 100 करोड़ से अधिक राशि के विकास कार्यों की सूची जारी की। कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हलका महम के विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार का खजाना खोल दिया है। शमशेर खरकड़ा ने बताया कि महम विधानसभा में चौपालों के निर्माण कार्य पर लगभग 19 करोड़ 9 लाख 72 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। शिवधाम शेड, उनके रास्ते व दीवार पर लगभग 7 करोड़ 81 लाख 85 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। मार्केट कमेटी के 11 रोड लगभग 7 करोड़ 88 लाख 46 हजार रुपए कीमत से बनाए जाएंगे। महम के विभिन्न गांवों की चौपालों की मरम्मत के लिए 1 करोड़ 48 लाख 5 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 10 सड़कों पर लगभग 16 करोड़ 1लाख 7 हजार रुपए व्यय किए जाएंगे। गांव में बनाए जाने वाले सामुदायिक केंद्रों के निर्माण पर 3 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च होंगे।



### दो दिवसीय अभिलेखका प्रदर्शनी का शुभारंभ

**रोहतक।** क्षेत्रीय अभिलेखागार रोहतक मंडल द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय अभिलेखका आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्या डॉ. दर्शना ने किया गया। जिसमें हरियाणा के स्वतंत्रता आंदोलन में विशेषकर 1857 से 1947 तक के रोहतक के अभिलेखों को प्रदर्शित किया गया है। यह प्रर्दशनी क्षेत्रीय अभिलेखागर रोहतक के सहायक निदेशकरणवीर मान द्वारा आयोजित की गई है। प्रर्दशनी में रोहतक और अंबाला जिले की घटनाएं दिखाई गई हैं, जिसमें 1857 के शहीद क्रांतिकारियों की सूची, बल्लबगढ़ के राजा नाहर सिंह व झज्जर के नवाब को फांसी दिया जाना व इनकी संम्पति को अंग्रेजों द्वारा जपत करना, हांसी के लाला हुक्म चन्द को फांसी देना, महारानी विक्टोरिया द्वारा भारत का प्रशासन ईस्ट इंडिया कम्पनी से अपने हाथो में लेना।

# कार्यकर्ताओं के भरोसे ही तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनाएंगे : फणीन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

मंगल कमल स्थित जिला कार्यालय में सफल रहे सांसद सम्मान कार्यक्रम में लगे जिला भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ है और इनके भरोसे ही तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनाएंगे। आबंटित सेवाओं के विभागानुसार सभी कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेते हुए फणींद्रनाथ ने यह भी जानने का प्रयास किया कि कार्यकर्ताओं का यह कार्यक्रम कैसा लगा। कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए ही संगठमंत्री ने यह भविष्यवाणी की कि पुनः सरकार बनाएंगे। कार्यकर्ताओं ने नेताओं की आगामी योजनाओं को भी सुना और तन्मयता व उत्साह से सांसदों के सम्मान समारोह को देखा । इस फीडबैक से संगठमंत्री सन्तुष्ट नजर आए। जिला कार्यकर्ताओं का हौंसला बढ़ाते हुए उन्होंने आश्वस्ति किया कि कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान में कोई कसर नही छोड़ी जाएगी और आगामी कार्यक्रमों को भी कार्यकर्ताओं की सलाह से पूरा किया जाएगा ।



रोहतक। मंगल कमल स्थित जिला कार्यालय में सफल रहे सांसद सम्मान कार्यक्रम सफल होने पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा।



### भाजपा सरकार महिलाओं के आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्ध : ग्रोवर

रोहतक। महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य के लिए दा रोहतक सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के माध्यम से पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर द्वारा जरूरतमंद महिलाओं को उनकी दुकान पर जाकर धनराशि के चेक प्रदान किए गए।

पूर्व सहकारिता मंत्री ग्रोवर ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। रोहतक सहकारी बैंक द्वारा महिला समूह को स्वरोजगार के लिए करोड़ों रुपए ऋण प्रदान किए गए हैं। इस मौके पर रोहतक को-आपरेटिव बैंक के चेयरमैन हरिश कौशिक, महाप्रबंधक पीयूष हुड्डा, पूर्व महाप्रबंधक वेद प्रकाश, ईश्वर सिंघल, ओम प्रकाश बागड़ी, संजय गौतम, कृष्णपाल गुर्जर सहित अन्य मौजूद रहे।

### मांगों को जल्द पूरा करे सरकार

**रोहतक।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला रोहतक की मीटिंग कर्मचारी भवन सुखपुरा चौक हनुमान कॉलोनी में संपन्न हुई। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच व संचालन मनजीत पांचाल ने किया। मीटिंग में पिछले व आगामी आंदोलन को लेकर चर्चा हुई। राज्य सचिव जयवीर चहल, राज्य कमेटी सदस्य सुमेर सिवाच, मुकेश खरब, निशा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के नेता रामनिवास सैनी मौजूद आद ने कहा कि सरकार समय रहते कर्मचारियों की मांगों का समाधान करें।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
❖ BAMS 2
❖ RMO 2
❖ COMPUTER OPERATOR 2
❖ CHEMIST SHOP STAFF 2
❖ PHARMACY BILLING STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

मलिक मनोरोग चिकित्सा केन्द्र
▲ मन उदास रहना (डिप्रेशन),
▲ चिन्ता करना, नींद की समस्याए
▲ फिजूल के विचार आना (OCD)
▲ सिरदर्द (माइग्रेन) ▲ शक-वहम होना
▲ सभी प्रकार के दौरे ▲ बाईपोलर डिसार्डर
▲ भूलने की बीमारी ▲ नशा मुक्ति
➤ अत्यधिक गुस्सा करना ➤ स्किजोफ्रेनिया,
➤ घबराहट ➤ बच्चों की व्यवहारिक समस्याएं
➤ बेचैनी
यहाँ पर हर प्रकार की मानसिक बीमारियों का इलाज किया जाता है।
यहाँ पर COUNSELLING के द्वारा भी इलाज किया जाता है।
APPOINTMENT की सुविधा भी उपलब्ध है।
Malik Neuropsychiatry Centre
SCO No. 31, Sector 2 Market, Near Rathi Eye Hospital, Rohtak.
समय- 9 AM से 7 PM
डॉ. आशीष मलिक
Ex. Registrar, PGIMS, Rohtak
M. 8307676466
8685805302

## शहर में आज

- पुलिस नशे को लेकर युवाओं को करेगी जागरूक
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक
- डीसी लघु सचिवालय में समाधान शिविर में सुनेंगे समस्याएं

## बिजली कट

- सुबह 8 से 10 बजे तक : छोटू राम नगर, सुखपुरा चौक, हनुमान कॉलोनी, राजेंद्र नगर, सूर्य नगर, परवेश नगर, बैंक कॉलोनी, पठानिया स्कूल, पीर बोधी डिस्पोजल
- 33 केवी खरावड़ सब स्टेशन की सुबह 8 से रात 9.30 बजे तक मरम्मत कार्य किया जाएगा

# मानसून के लिए सिंचाई विभाग के तैयार होने का दावा, दो-तीन दिन में शुरू हो जाएगी बरसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

वीरवार शाम सात बजे तक चालू जून महीने में प्रदेश में 96.1 % प्रतिशत कम बरसात हुई थी। लेकिन अब झमाझम बरसात का दौर शुरू होने वाला है। मौसम विभाग द्वारा पूर्वानुमान जारी किया गया है उसके मुताबिक प्री मानसून की कहीं-कहीं बारिश हो रही है। अगले 36 से 48 घंटे में प्रदेश में मानसून पहुंच जाएगा।

इसके बाद अच्छी खासी बरसात होने की उम्मीद है। अगर फसलों की जरूरत मुताबिक बारिश हो गई तो खरीफ से बंपर पैदावार होगी। चूंकि हर साल जिला बाढ़ की समस्या से दो-चार होता है। इसलिए सिंचाई विभाग ने भी तमाम प्रकार की तैयारियों को लगभग-लगभग अंतिम रूप दे दिया है। नहरों, माइनरों, ड्रेन वगैरह की सफाई पूरी तरह से करवाने का दावा, सिंचाई विभाग की तरफ से किया गया है। अधिकारी कहते हैं कि विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को सचेत रहने को कह दिया गया है।

**30 जून से 2 जुलाई तक बारिश की संभावना:** चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खिचड़ ने बताया कि राज्य में मौसम आमतौर पर 2 जुलाई तक परिवर्तनशील रहने की संभावना है। डॉ. खिचड़ के मुताबिक हवाओं में बदलाव तथा प्री मानसूनी हवाओं के कारण 29 जून के दौरान बीच बीच में बादलवाई तथा हवाओं व गरज चमक के साथ राज्य में कहीं कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। 30 जून से 2 जुलाई के दौरान राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। कुछ-एक क्षेत्रों में भारी बारिश की भी संभावना है। वातावरण में नमी की मात्रा अधिक रहने की संभावना कृषि विवि ने जताई है।



### बड़े काम थोड़े-बहुत शेष



खेतों की बाढ़ नियंत्रण के कार्य तकरीबन पूरे करवा दिए गए हैं, जो बड़े काम थोड़े-बहुत शेष हैं, उन्हें भी मानसून पूरी तरह सक्रिय होने से पहले पूरा करवा दिया जाएगा।

-दिनेश राठी, अधीक्षक अभियंता सिंचाई विभाग रोहतक सर्कल

### पंप हाउस का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर

मानसून को लेकर प्रशासन का दावा है कि सभी प्रकार की तैयारियां पूरी है। जो थोड़े बहुत काम बचे हुए उन्हें एक दो दिन में पूरे करने के निर्देश सरकार की तरफ से दिए गए हैं। जल भराव के स्थानों को चिन्हित करके सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सरकार ने प्रशासन को कहा है कि किसी भी स्थिति में जलभराव नहीं होना चाहिए। महम व जसिया क्षेत्र में जलभराव की समस्या ज्यादा रहती है। समस्या का निदान करवा दिया गया है। महम ड्रेन की पंपिंग कैपसिटी दोगुना करने के बारे में प्रशासन ने जानकारी दी है। लाखनमाजरा लिंक ड्रेन के पानी की निकासी समुचित हो, इसके लिए ड्रेन के पुल दोबारा से बनवा दिया गया है। जलभराव से सबसे ज्यादा प्रभावित गांव खरैंटी में 60 क्यूसिक पानी की भूमिगत पाइप लाइन दबाई जा चुकी है। बरसाती पानी को भिवानी सब ब्रांच नहर में लिफ्ट करने के लिए पंप हाउस का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर है।

# मिशन एडमिशन : आज आएगी आईटीआई की मेरिट लिस्ट

## 2 जुलाई तक होगी दस्तावेजों की जांच, तीन तक जमा करवाई जाएगी फीस

पहली मेरिट लिस्ट के बाद शेष सीटों पर दाखिले दूसरी मेरिट लिस्ट आने के बाद होंगे जो कि 4 जुलाई को जारी की जाएगी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

आज आईटीआई की पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। इसके बाद छात्रों के दस्तावेजों की जांच का कार्य 2 जुलाई तक किया जाएगा। सभी दस्तावेज सही मिलने पर विद्यार्थी फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित करवाएंगे। मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद 3 जुलाई तक फीस जमा की जा सकेगी। इससे पहले विद्यार्थियों ने 25 जून तक दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में भाग लिया।

### दूसरी मेरिट लिस्ट 4 को

पहली मेरिट लिस्ट के बाद शेष सीटों पर दाखिले दूसरी मेरिट लिस्ट आने के बाद होंगे जो कि 4 जुलाई को जारी की जाएगी। 4 जुलाई से 6 जुलाई तक विद्यार्थी अपने कोर्स में बदलाव कर सकते हैं। विद्यार्थी ऐसा ऑपनिंग आफ पोर्टल फार रिविजन के जरिए कर सकते हैं। ऐसा करने के बाद 9 जुलाई को विभाग द्वारा मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इसके आधार पर 9 से 12 जुलाई तक दस्तावेजों की जांच का कार्य किया जाएगा। सभी नियमों को पूरा करने के बाद विद्यार्थी 9 से 13 जुलाई तक फीस जमा करवाएंगे जिससे कि उनका दाखिला हो सके।

- आईडी कार्ड एवं रजिस्ट्रेशन नंबर दाखिला प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही जनरेट होंगे

### तीसरी लिस्ट 14 को

14 जुलाई को तीसरी मेरिट सूची। इसमें शेष सीटों के लिए दाखिला प्रक्रिया होगी। 16 जुलाई तक विद्यार्थी अपने कोर्स में बदलाव कर सकते हैं। इसके बाद 18 जुलाई को विभाग द्वारा मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी और दस्तावेजों की जांच 22 जुलाई तक करने के बाद विद्यार्थी 23 जुलाई तक फीस जमा करवा सकते हैं। वहीं चौथी मेरिट लिस्ट 24 जुलाई को आएगी। कोर्स में बदलाव 26 जुलाई तक करने के बाद 30 को मेरिट सूची और दस्तावेजों की जांच 5 अगस्त तक होगी। 6 अगस्त तक छात्र फीस जमा करवाएंगे।

### ऑनलाइन जमा होगी फीस

दस्तावेजों की जांच के बाद विद्यार्थी फीस जमा करवाएंगे। बता दें कि फीस ऑनलाइन जमा की जाएगी। सत्र 2024-25 में दाखिल विद्यार्थियों के आईडी कार्ड एवं रजिस्ट्रेशन नंबर दाखिला प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही जनरेट किए जाएंगे। सीट आवंटित होने के बाद विद्यार्थी ने दाखिला नहीं लिया तो उसे आगामी दाखिला काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेना हो तो छात्र के लिए 500 रुपये और छात्रा को 250 रुपये जुर्माना राशि भरनी होगी। अन्यथा वह काउंसलिंग में भाग नहीं ले पाएगा।



### विभाग ने भेजा पत्र

पहली मेरिट लिस्ट 28 जून को जारी की जाएगी। वहीं दस्तावेजों की जांच का कार्य 2 जुलाई तक किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने पत्र भेजकर सूचित कर दिया है।

-दाखिला नोडल अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार, राजकीय आईटीआई

# 10 से 15 जुलाई तक रोहतक में होगी भर्ती रैली : कर्नल कटारिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक दीपक कटारिया ने बताया कि 10 से 15 जुलाई 2024 तक स्थानीय राजीव गांधी खेल स्टेडियम में अग्निवीर और नियमित श्रेणियों के लिए अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। इस भर्ती में सैनिक नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, आरटी जेसीओ, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर कार्यालय सहायक व स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेड्समैन 10 वीं पास व अग्निवीर ट्रेडमैन 8वीं पास तथा अग्निवीर जनरल ड्यूटी पदों पर भर्ती की जाएगी।

दीपक कटारिया ने बताया कि भर्ती रैली के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए रैली अधिसूचना में वर्णित दस्तावेजों के अलावा एडमिट कार्ड एवं आधार कार्ड अनिवार्य है। सामान्य प्रवेश परीक्षा पास करने व भर्ती रैली के लिए चुने गए उम्मीदवार अपने यूजर नेम व पासवर्ड की सहायता से सेना की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन से 27 जून से एडमिट कार्ड डाउनलोड करें। यदि

- उम्मीदवार सेना की वेबसाइट से डाउनलोड करें एडमिट कार्ड

किसी उम्मीदवार को एडमिट कार्ड डाउनलोड करते समय कोई परेशानी हो तो वह 9 जुलाई 2024 तक स्थानीय सेना भर्ती कार्यालय में संपर्क कर सकते है। भर्ती निदेशक ने बताया कि सेना में भर्ती निशुल्क व मेरिट के आधार पर की जाती है। उम्मीदवार किसी भी दलाल के बहकावे में न आये। सेना भर्ती पूर्णतया निष्पक्ष एवं पारदर्शी है।

उम्मीदवार प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं और नशीली दवाओं का सेवन न करें। यदि कोई उम्मीदवार इस प्रकार की वस्तुओं का सेवन करते हुए अथवा उम्मीदवार के पास ऐसी कोई वस्तु बरामद होती है तो उसे चयन से वंचित कर दिया जायेगा। चाहे वह परीक्षा में पास हो जाए। दीपक कटारिया ने बताया कि बाहर से आने वाले उम्मीदवार रैली के दौरान ठहरने के लिए पूरी धाम धर्मशाला, श्री जोरावर सिंह जैन धर्मशाला, राजपूत धर्मशाला (परमार), सैनी धर्मशाला, छोटूराम धर्मशाला तथा धोबी धर्मशाला में संपर्क कर सकते है।

## दो युवकों पर 10-12 युवकों ने किया हमला

रोहतक। खोखरा कोट पाड़ा मोहल्ला के पास दो युवकों पर 10-12 युवकों ने हमला कर दिया। हमला के बाद युवक मौके से फरार हो गए। पुरानी सब्जी मंडी थाना पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। विनय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दरवाजा मोहल्ला पुरानी सब्जी मंडी का रहने वाला हूं। 26 जून को मैं व मेरा दोस्त विनय निवासी कृष्णा कॉलोनी मेरे आफिस खोखरा कोट पाड़ा मोहल्ला रोहतक के बाहर पर बैठे थे। इस दौरान वहां पर 10-12 युवक आए और आते ही मेरे साथ मारपीट करने लगे। साथ ही ऑफिस में रखा हुक्का मेरे सिर पर, मुंह, पैर, कमर पर मारा। इस दौरान विनय मुझे बचाने लगा तो मनीष निवासी पाडा मोहल्ला व उसके साथी बादल ने विनय के साथ भी मारपीट की। इसके बाद सभी युवक मारपीट करके मौके से फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी कर महिला के खाते से निकाले 18000

**महम।** महम के वार्ड एक में महिला के साथ धोखाधड़ी कर खाते से पेमेंट निकाल ली गई। कस्बा महम के ढेर पाना निवासी सुमन लता पत्नी सुनील कुमार ने बताया कि उसके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई। जिसमें सामने वाले ने फ्रॉड करते हुए उसके बैंक खाते से 18000 रुपए निकाल लिए। उसका बैंक खाता पीएनबी की महम शाखा में है। सुमन लता ने महम थाने में दी शिकायत में कहा है कि उसे उसके पैसे वापस लिए जाएं।

### एमडीयू ने कई परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि ने मई 2024 में आयोजित बीएससी होम साइंस पांचवें सेमेस्टर की री-अपीयर तथा छठे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, बी.कॉम-पास/वोकेशनल आनर्स की पांचवें सेमेस्टर की री-अपीयर तथा छठे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, एमपीएड-चौथे सेमेस्टर फ्रेश, एमए-डिफेंस एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज चौथे सेमेस्टर फ्रेश, पीएचडी कोर्स वर्क इतिहास की री-अपीयर, एम. फार्मेसी प्रथम सेमेस्टर की री-अपीयर तथा दूसरे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

### पुरस्कार व छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि खेल विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 की उपलब्धियों के आधार पर राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए 30 जुलाई 2024 तक नकद पुरुस्कार व छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

## गांव घुसकानी में ग्राम पंचायत की भूमि से कब्जा हटाने को लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

रोहतक। जिलाधीश अजय कुमार ने गांव घुसकानी में ग्राम पंचायत की भूमि से अनाधिकृत कब्जा हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत रोहतक के तहसीलदार राजेश कुमार ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश द्वारा जारी अन्य आदेश के तहत जिला के गांव चुलियाना में 9 मिलीमीटर आरसीसी पेयजल पाइप लाइन डालने की प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत सांपला के नायब तहसीलदार जितेंद्र को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा डयूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस तैनात किया जाएगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर डयूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे।

## आरडब्ल्यूए ने मांगों को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन



रोहतक। आरडब्ल्यूए सेक्टर-3 के प्रतिनिधिमंडल ने सेक्टरों की समस्याओं को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। प्रधान सुखबीर सिंह हुड्डा ने बताया कि सेक्टरों में कई वर्षों से भारी जलभराव की समस्या से ग्रस्त रहे है एवं इस समस्या की तीव्रता साल-दर-साल बढ़ती चली आ रही है। उन्होंने बताया कि सेक्टर की बरसाती सीवर लाइनों के साथ-साथ सेक्टर 1, 2, 4 व 14 की बरसाती सीवर लाइनों की सफाई का वर्क आर्डर की राशि 16 मार्च को जारी हो गई है, लेकिन अभी तक सफाई का कार्य शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि केवल मेनहॉल, रोड गली-जीटी की सफाई का कार्य ही आधा-अधूरा हो पाया और मशीन द्वारा सीवर सफाई का कार्य अभी तक शुरू भी नहीं हो पाया। इस मौके पर महताब सिंह खोखर, प्रो. कपूर सिंह ढाका, कटार सिंह हुड्डा, वीरेन्द्र नांदल आदि मौजूद रहे।

## मल्टीसेंसरी एप्रोच के विषयों से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

एमआर डीएवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली की ओर से एक दिवसीय सीआरइ वेबिनार का आयोजन वीरवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक वैभव जिंदल ने किया। उन्होंने मल्टीसेंसरी एप्रोच फॉर सीडब्ल्यूएसएन विषय पर प्रकाश डाला। वेबिनार में देश के अलग अलग राज्यों के 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दिव्यांगता के क्षेत्र से संबंधित रिसोर्स पर्सन्स ने प्रतिभागियों को मल्टीसेंसरी एप्रोच के विभिन्न विषयों से अवगत कराया। संस्थान द्वारा आयोजित वेबिनार में सिरतार संस्थान से डॉ. एडी पासवान ने बहुइंद्रीय उपागम की विधियों से अवगत कराया।

- कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक वैभव जिंदल ने किया

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रोग्राम कॉर्डिनेटर मनदीप, सतनारायण सिंह, सिद्धार्थ कुमार, गीता देवी, रेणु देवी, करण आदि उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# एसी बैठक में 2 घंटे तक सहायक प्रोफेसर ने रखा अपना पक्ष, 21 दिन में देना होगा लिखित जवाब

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद (एसी) की वीरवार को आयोजित 202 वीं बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत स्नातकीय (यूजी) तथा स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों की परीक्षा स्कीम तथा पाठ्यचर्या (सिलेबस) को सत्र 2024-25 में लागू करने की मंजूरी दी गई। इसके अलावा तकरीबन दूसरे आइटम भी सर्वसम्मति से पास कर दिए गए। लेकिन दो से अढ़ाई घंटे तक एजुकेशन विभाग की सहायक प्रोफेसर वनिता रोज के मामले पर विचार-विमर्श किया गया। अंत में जाकर तय किया गया कि प्रो. रोज को उनका पक्ष रखने के लिए 21 दिन का समय दिया जाए। तय समय में प्रो. वनिता ने ड्यूल डिग्री मामले की जांच कर रही कमेटी को अपना लिखित जवाब देना होगा। इसके बाद ही विश्वविद्यालय प्रो. रोज के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करेगा। जांच कमेटी ने पिछले दिनों अपनी रिपोर्ट प्रशासन को दी थी। इसमें प्रो. रोज द्वारा ड्यूल डिग्री करने को यूनिवर्सिटी नियमों के खिलाफ बताया गया है।

### रिपोर्ट की खारिज

वीरवार को एसी मीटिंग में प्रो.रोज ने अपना पक्ष रखा और जांच कमेटी की रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया। इन्होंने बैठक में बताया की शिकायतकर्ता मेनका ने सुप्रीम कोर्ट में उनकी ड्यूल डिग्री को लेकर याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। लेकिन जांच कमेटी इस पर अड़ी हुई है कि कोर्ट ने ड्यूल डिग्री को लेकर अलग से फैसला नहीं किया। ये वनिता ने मीटिंग में बताया। मीटिंग में प्रो.वनिता परमिशन लेकर शामिल हुई थी। विश्वविद्यालय के एजुकेशन विभाग में कुछ साल पहले मेनका की सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति हुई। इस नियुक्ति को वनिता रोज ने कोर्ट में चुनौती दी। चूंकि वनिता भी आवेदक थी। कोर्ट ने मेनका की नियुक्ति को रद करके वनिता की नियुक्ति कर दी। इस नियुक्ति को मेनका ने चुनौती दी। लेकिन मेनका को दोबारा से नियुक्ति नहीं मिली। शिकायतकर्ता मेनका की नियुक्ति उच्च न्यायालय से रद्द हो जाने तथा उच्च न्यायालय की खंडपीठ के आदेश पर डॉ. वनिता की नियुक्ति के उपरांत शिकायतकर्ता मेनका ने डॉ. वनिता की शैक्षणिक योग्यता को लेकर उनकी नियुक्ति को सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी थी। बताया जा रहा है कि इस अपील को तथा इसकी पुनर्विचार याचिका को भी सर्वोच्च न्यायालय रद्द कर चुका है। सूत्र बताते हैं कि डॉ. वनिता ने कुलपति द्वारा गठित जांच कमेटी पर रिकॉर्ड छुपाने तथा तथ्यों से छेड़छाड़ के आरोप लगाते हुए वीसी को शिकायत भी दी हुई है। एसी की मीटिंग को लेकर डॉ. वनिता ने अपनी वकील के माध्यम से विश्वविद्यालय वीसी को लीगल नोटिस जारी करवाए हुए हैं।



**विद्यार्थी विकास का दावा :** शैक्षणिक परिषद (एसी) की 202 वीं बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नातकीय तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की परीक्षा स्कीम तथा पाठ्यचर्य को सत्र 2024-2025 में लागू करने की मंजूरी दी गई। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शैक्षणिक परिषद की बैठक में विभिन्न संकायों द्वारा अनुशंसित एनईपी 2020 प्रावधान आधारित यूजी/पीजी पाठ्यक्रमों को स्वीकृति दी गई।

**विभागीय प्रस्ताव भी मंजूर :** बैठक में विभिन्न विषयों में पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा स्कीमों में संशोधन किया गया। अब पीएचडी कोर्स वर्क 12 क्रेडिट का होगा। आज की बैठक में विभिन्न संकायों तथा विभागों के 139 विद्यार्थियों के पीएचडी पंजीकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। शैक्षणिक परिषद ने चार वर्षीय इंटीग्रेटड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम के अध्यादेश को स्वीकृति प्रदान की। डिप्लोमा इन टीचिंग इंडियन साइन लैंग्वेज तथा डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन पाठ्यक्रमों के अध्यादेश को भी मंजूरी दी गई।शैक्षणिक परिषद ने मनोविज्ञान विभाग में सत्र 2024-25 से एमए-गाइडेंस एंड काउंसलिंग पाठ्यक्रम, संस्कृत विभाग में एमए-हिन्दू स्टडीज तथा इमसॉर में एमबीए-बिजनेस साइकोलोजी प्रारंभ करने के विभागीय प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने शैक्षणिक परिषद का एजेंडा प्रस्तुत किया।

# भारी स्लैब की वजह से नालों की नहीं हो पा रही सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मानसून का आगमन हो चुका है। प्रशासन द्वारा नालों एवं ड्रेन की सफाई करवाई जा रही है। हालांकि अभी तक रोहतक में भारी बरसात नहीं हुई है। इस दौरान समय कम होने के चलते रात को भी सफाई कार्य करवाया जा रहा है। 30 जून तक अभियान समाप्त करना है लेकिन आधे शहर के नालों की सफाई भी नहीं हो सकी है। अधिकतर जगह नालों पर भारी पत्थर के बने स्लैब रखे होने की वजह से कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। वहीं बाजारों में दुकानदार भी दुकान के आगे बनाए गए स्लैब नहीं तोड़ने दे रहे। जिससे सफाई कार्य में परेशानी आ रही है।

### रात को चला सफाई अभियान

नगर निगम की टीम ने रात को भी नालों की सफाई के लिए अभियान चलाया। इस दौरान सैनी रोड प्रेम नगर चौक से दिल्ली रोड, प्रेम नगर से पेठा चौक, सति भाई दास के पास नाले की सफाई करवाई गई। इसके अलावा पाड़ा मोहल्ला, माता दरवाजा, छोटा गोहाना अड्डा आदि एरिया में नालों की सफाई करवाई गई। टीम ने मानसून के आगमन को देखते हुए रात को भी नालों की सफाई करवाई। गौरतलब है कि डीसी अजय कुमार के आदेश पर नगर निगम ने नालों की सफाई के लिए टेंडर जारी किया था।